Date	13 February 2016
Newspaper	Dainik Jagran
Page	2
Edition	Bathinda/Mansa

बच्चों ने जाना कैसे तैयार होती है बिजली

मानसा के टीएसपीएल के दौरे पर गए प्रेम सिंह तिलक सरकारी सेकेंडरी स्कूल जैतो के बच्चों व स्कूली अध्यापकों ने प्लांट में बिजली तैयार किए जाने के बारे में जानकारी हासिल की। जागरण

संस, मानसा : जिला के 1980 मेगावाट बिजली घर तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में प्रेम सिंह तिलक सरकारी सेकेंडरी स्कूल जैतो के 55 बच्चों व स्कूली अध्यापकों ने दौरा किया।

कंपनी अधिकारियों अविनाश कुमार और विशाल अग्रवाल ने प्लाट में बच्चों व स्कूल टीचरों का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें प्लाट बारे सड़क सुरक्षा एवं वातावरण के बारे में जानकारियां दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि प्लाट द्वारा एक घंटे में दो लाख पौधे लगाए जाने से प्लाट का नाम गिनिज बुक में नाम दर्ज है। स्कूली बच्चों को कंपनी के कर्मचारियों संगीत सरकार, रथीन कुकरेजा, जपजी कौर और अमनदीप कौर ने थर्मल का दौरा करवाया। उन्हें एक बस के जरिए सारे बिजली बनाने वाले यंत्र, कूलिंग टावर, बायलर, चिमनी, पानी प्लाट की संपूर्ण जानकारी दी गई। इसके उपरांत कंपनी अधिकारियों ने बच्चों को सवालों के जवाब के बाद सही जवाब देने वाले बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके प्लाट का दौरा करने आए बच्चों को खाने पीने की वस्तुएं भी दी गई।